## प्यारी बंडोड का सहायक प्राध्यापक में चयन



**बड़वानी।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 में पाटी के ग्राम भैंसारी निवासी कृषक काज्यामालसिंह की बेटी प्यारी बंडोड ने प्रथम प्रयास में सफलता हासिल की। प्यारी के बड़े पापा गुलसिंग बंडोड ने बताया कि बेटी प्राथमिक कक्षा की पढ़ाई से ही पढ़ने में होशियार एवं लगन व मेहनती होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की सोच रखती थी। प्यारी की कक्षा 6ठी से 12वीं तक की पढ़ाई कन्या परिसर कुक्षी तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई शहीद भीमा नायक शासकीय महाविद्यालय से पूर्ण हुई। चयन होने पर उनके गुरुजनों और शिक्षकों में खुशी व्याप्त है और उन्होंने बधाई व शुभकामनाएं देकर उज्वल भविष्य की कामना की। परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पिता काज्यामालसिंह ने बेटी के चयन होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि बेटी की उपलब्धि से ग्राम और जिले का नाम रोशन हुआ। सफलता पर ग्राम पटेल सूर सिंह, ज्ञान सिंह पटेल, दुकान सिंह, प्यारी की बड़ी मम्मी विद्या बंडोड एवं समस्त बंडोड परिवार ने बधाई दी।

## जन जागरूकता अभियान के तहत निकली रैली



**खेतिया।** नशे से आज़ादी जीवन में खुशहाली, नशे से दूरी है जरूरी आदि नारों के साथ मप्र पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आयुष अलावा के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक सुरेंद्र कनेश के नेतृत्व में जन जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। जिसमें शहर के नागरिकों, विद्यालय के छात्र छात्राओं, शिक्षकों, विभिन्न समाजजनों उपस्थित रहे। रैली शहर के गांधी चौक, सुभाष चौक, बेरियर चौक से होकर रविन्द्र नाथ टैगोर चौक पर नशा न करने नशे से दूर रहने के संकल्प के साथ सम्पन्न हुई। रैली में छात्र–छात्राएं नशे को छोड़ने, दूर रहने के जोर–शोर से नारे लगा रहे थे। बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थी हाथों में तख्तियां लिए थे। नगर निरीक्षक सुरेंद्र कनेश ने सभी से नशे से दूर रहने की अपील की। रैली के दौरान पुलिसकर्मि भी उपस्थित रहे।

## शासन के निर्देशानुसार चलाया अभियान



**खेतिया।** शासन के निर्देश अनुसार नगर परिषद ने शहर में घूम रहे आवारा मवेशियों की धरपकड़ अभियान चलाया। सीएमओ ईश्वर महाले ने बताया कि मुख्य मार्ग पर आवारा मवेशी घुमते हैं, जिसकी वजह से यातायात प्रभावित होता है। साथ ही दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में मवेशी पकड़ने अभियान चलाया गया। जिसमें 9 मवेशियों को पकडकर कांजी हाउस में बंद कर किया है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। नागरिकों से अपील है कि अपने–अपने मवेशियों को अपने घरों पर बांध कर रखे।

## बारिश के पानी में गिरा था करंट वाला तार

इंदौर. धार रोड स्थित अहमद नगर बांक इलाके में एक गंभीर हादसा हो गया. बारिश के कारण रोड पर पानी भर गया था और उसी पानी में विद्युत करंट वाला तार गिरा पड़ा था. लोग बिना जानकारी के उसी पानी में से होकर गुजरते रहे, तभी दो युवक इसकी चपेट में आ गए. दोनों युवक पानी से भरी सड़क पार कर रहे थे. इसी दौरान एक नाबालिग के पैर में तार उलझा, लेकिन वह किसी तरह खुद को संभालते हुए आगे बढ़ गया. वहीं उसका साथी सीधे करंट की चपेट में आ गया और तारों में उलझकर पानी में गिर पड़ा. करंट लगते ही युवक कुछ देर तक पानी में ही तड़पता रहा. स्थानीय लोगों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला और पहले जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे हालत गंभीर देखते हुए निजी अस्पताल में रेफर किया. रहवासियों ने पुलिस को बताया कि बारिश के दौरान बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ऐसे हादसे होते हैं. लोगों ने मांग की है कि बारिश के समय क्षेत्र में गिरते बिजली के तारों की निगरानी की जाए ताकि भविष्य में कोई जानलेवा हादसा न हो. मामले में चंदन नगर थाना प्रभारी का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है, इसके बाद ही कुछ कहना उचित होगा.

## पुरानी रंजिश में भिड़े दो पक्ष

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया. देखते ही देखते विवाद मारपीट और हथियारों के हमले तक पहुंच गया. दोनों पक्षों की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है और आपसी आरोप–प्रत्यारोप के आधार पर एक–दूसरे पर केस दर्ज किए गए हैं. पहले पक्ष से वीरेंद्र पिता ओमप्रकाश निवासी स्कीम नंबर 78 ने शिकायत दर्ज कराई कि जितेंद्र केसरी और उसके नाबालिग बेटे ने उस पर पुरानी रंजिश के चलते हमला किया. वीरेंद्र ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने पहले उसे लात–घूंसे मारे और फिर नुकीले हथियार से वार कर घायल कर दिया. वहीं, दूसरे पक्ष से एक नाबालिग फरियादी की ओर से शिकायत की गई, जिसमें उसने वीरेंद्र समेत दो लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. लसूड़िया पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस यह भी जांच कर रही है कि विवाद की जड़ में पुरानी रंजिश का कारण क्या था और मारपीट में किसे कितनी चोटें आईं.

## महू विद्वत परिषद का पुनर्गठन, शर्मा अध्यक्ष बने

महू. चोपड़ा वाटिका में महू में विद्वत परिषद का पुनर्गठन किया गया. सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महू के मंदिरों, मठों के विद्वान विप्रजन द्वारा विद्वत परिषद के दो वर्षीय कार्यकाल के लिए पं कपिल शर्मा को सर्व सहमति से अध्यक्ष एवं पं राजेश शर्मा को सचिव मनोनीत किया गया. साथ ही संयोजक पं राजेश शास्त्री, पं रमेश शर्मा एवं पं ओमप्रकाश शर्मा संरक्षक, पं सुरेश शर्मा एवं पं मनोहर शर्मा परामर्शदाता सभी विद्वानों की सहमति से मनोनीत किए गए. बैठक में वर्षों से शहर में सनातन धर्म के तीज त्यौहारों को लेकर जो भ्रांति पैदा हो जाती थी अब उसपर पूर्ण विराम लगाने कार्य नवगठित कार्यकारिणी करेगी तथा आपसी सहमति एवं सामंजस्य से महू में सभी मंदिरों से तीज त्यौहार को मनाए जाने की एक ही तिथि की घोषणा की जाएगी. बैठक में विद्वानों द्वारा सभी पंचांगों एवं तथ्यों पर विचार विमर्श कर त्यौहारों के लिए एक तारीख घोषित की जाएगी जिससे सकल हिंदू समाज में कोई भ्रांति न उत्पन्न हो. विद्वानों द्वारा एकमत हो संगठन के भविष्य के कार्यों एवं उद्देश्यों पर विचार विमर्श किया गया. बैठक में वरिष्ठ पुजारी पं माधव प्रसाद भट्ट, पं नारायण शर्मा, पं राजेश शर्मा आदि सहित ब्राह्मण समाज के पं विवेक शर्मा, पं विजय शर्मा, पं आशीष शर्मा, पं अक्षय महर्षि, पं पीयूष मिश्रा, पं मनोहर शर्मा आदि उपस्थित थे. कपिल शर्मा के अध्यक्ष बनने पर ब्राह्मण समाज महिला मंडल की अध्यक्ष डॉक्टर स्वर्ण दुबे, आरती शर्मा ने बधाई दी. संचालन सर्व ब्राह्मण समाज के सचिव पं संजय शर्मा ने किया. आभार पं शैलेन्द्र शुक्ला ने माना.

## देपालपुर को समर्पित की निशुल्क एम्बुलेंस सेवा

देपालपुर. देपालपुर की आम जनता के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, समाजसेवी एवं गुरुभक्त चिंटू वर्मा ने देपालपुर को एक बड़ी सौगात दी है. ब्रह्मलीन गुरुदेव जयकरण दास महाराज के प्रकोट्सव जन्मोत्सव पर वर्मा ने नगर की पहली पूर्णत: निशुल्क एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया. इस अवसर पर नगर के प्रमुख धर्मगुरु रघुनंदन दास महाराज एवं पंडित आचार्य राजेश शास्त्री ने उपस्थित होकर एम्बुलेंस का पूजन कर आशीर्वाद प्रदान किया. कार्यक्रम में पार्षद रवि चौरसिया, महेश बैरागी, पार्षद सोमिल माली सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे. चिंटू वर्मा ने इस अवसर पर कहा यह एम्बुलेंस सेवा ब्रह्मलीन गुरुदेव के प्रति मेरी श्रद्धा और देपालपुर वासियो के लिए समर्पण का प्रतीक है. अब किसी भी आपातकाल में लोगों को न तो दर–दर भटकना पड़ेगा और न ही भारी राशि खर्च करनी होगी. एंबुलेंस के देपालपुर में भ्रमण के दौरान जगह–जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर वर्मा की इस पहल का स्वागत किया. देपालपुर के नागरिकों ने कहा कि यह केवल एम्बुलेंस नहीं, बल्कि एक जीवंत उदाहरण है कि यदि संकल्प नेक हो, तो समाज की भलाई के लिए बहुत कुछ किया जा सकता है।

# तालाब निर्माण की गड़बड़ी पर संज्ञान

### तालाब निर्माण में अनियमितता की खबर प्रकशित होने के बाद हरकत में आया प्रशासन, जिपं सीईओ ने दिए जांच के निर्देश

**सेंधवा, (नवभारत)।** ग्राम पंचायत साकड़ में वाटरेशड योजना के तहत बनाए गए तालाब की गुणवत्ता और तकनीकी स्वीकृति पर उठे सवालों को लेकर नवभारत ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था। अब मामले में खबर का असर हुआ है। नवभारत में खबर प्रकाशन होने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ काजल जावला ने इसे टीएल बैठक में उठाया। उन्होंने निवाली जनपद पंचायत सीईओ विरल पटेल को तालाब निर्माण मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

जिपं सीईओ ने निर्देशित किया कि तालाब का भौतिक निरीक्षण कर गुणवत्ता, स्थान चयन और पिचिंग कार्य में लापरवाही की जांच की जाए।

इंजीनियर विकास शितौले के मार्गदर्शन में तालाब का निर्माण किया जाना बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार पानसेमल और निवाली जनपद क्षेत्र में वाटरशेड के कई कामों में गड़बड़ियों की आशंका है। कई जगह बिना वन विभाग की अनुमति लिए निर्माण किए गए है।



एक नजर में

टीएस पर भी खड़े हुए सवाल, निवाली जनपद की साकड़ पंचायत में वाटरशेड योजना के तहत निर्माण पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

बिना पिचिंग बनाया 10 लाख का तालाब, बारिश में टूटने का खतरा

#### एक नजर निर्माण पर

बता दें कि करीब 10 लाख रूपए की लागत से निवाली जनपद के ग्राम साकड़ में बने इस तालाब को लेकर ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि निर्माण स्थल न तो भौगोलिक रूप से उपयुक्त है और न ही तकनीकी स्वीकृति का पालन किया है। यही नहीं तेज बारिश में तालाब की पाल फुटने की आशंका भी जताई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से टीएस जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। तालाब की पाल में दरार भी नजर आ रही है।

#### जांच के निर्देश दिए है

टीएल बैठक में जिपं सीईओ ने साकड़ तालाब निर्माण मामले में जांच के निर्देश दिए है। जांच की जाएगी, अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

विरल पटेल, सीईओ जनपद पंचायत निवाली।

**लगाया था आरोप**

- तालाब को लेकर ग्रामीणों ने आरोप लगाया था।
- आशंका जताई थी।

# भील प्रदेश की मांग समाजजनों ने सौंपा ज्ञापन

**पानसेमल, (नवभारत)।** एसडीएम कार्यालय में मंगलवार को भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा ने भील प्रदेश बनाए जाने की मांग के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की है भारत की इस मूल संस्कृति मानव समूह के संरक्षण के लिए भील प्रदेश राज्य गठन आवश्यक है। भारत की मूल संसकृति, सभ्यता, बोली, धर्म के अस्तित्व की सुरक्षा के लिए भील सांस्कृतिक भाषाई ऐतिहासिक क्षेत्र को जोड़कर भील प्रदेश राज्य गठन होना चाहिए था, लेकिन आजादी के बाद भी गठन नहीं हुआ व चार राज्यों में पूरा ईलाका बांट दिया गया है। संगठन द्वारा भील प्रदेश के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम एसडीएम रमेश सिसोदिया को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान संजय भोंसले, महेश चौहान, भूपेंद्र खेडकर, डेमसिंह ब्राह्मणे, मयूर परमार, निलेश चौहान, गोविंद शितोले, गोविंद भंडारी, तिलक चौहान, सुनील बर्डे, विजय बर्डे, संदीप वड़वी, राहुल पटेल, संगठन पदाधिकारी एवं ग्रामों के समाजजन मौजूद रहे।



# अंशकालीन कर्मचारियों ने की मानदेय वृद्धि की मांग

**सेंधवा, (नवभारत)।** कन्या परिसर में कार्यरत अंशकालीन कर्मचारियों ने अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य को मानदेय वृद्धि को लेकर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें मात्र 5000 रूपए प्रतिमाह दिया जा रहा है, जबकि कलेक्टर दर के अनुसार भुगतान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कम मानदेय से आजीविका चलाना कठिन हो रहा है। आर्य ने आश्वासन दिया कि यह समस्या पूरे प्रदेश की है और वे जल्द ही इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से चर्चा करेंगे।

विद्यालय के करीब 450 विद्यार्थियों ने खेल मैदान की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में मुरूम का बेड़ा जमा है, जिसे हटाकर जमीन समतल कर खेल मैदान तैयार किया जा सकता है। इस पर आर्य ने प्राचार्य से लिखित में आवेदन देने को कहा व प्रयास करने का आश्वासन दिया।



**एक नजर में** — रात्रि में ही भगवान भोलोनाथ को किए अर्पित, ब्रह्मकमल खिलने से श्रद्धालुओं में खुशी का वातावरण

# निवाली नगर के दो परिवारों में खिले 13 ब्रह्मकमल

**नवभारत न्यूज़**
**निवाली 16 जुलाई.**

नगर में 14 जुलाई को ब्रम्हकमल खिलने से खुशी का माहौल हो गया। दरअसल गुमडिया रोड़ निवासी संजय गुप्ता गायत्री क्लाथ वालों के यहां ब्रम्ह कमल के पौधे पर दो फूल खिले थे। उन्होंने फूलों को पास ही में छमाह पूर्व नवनिर्मित पंचमुखी हनुमान जी के मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर रात करीब 1 बजे ही चढ़ा दिए। संजय गुप्ता ने बताया कि 4 वर्ष पूर्व इंदौर की किसी नर्सरी से 1 पौधा गमले सहित लाए थे।

पुरूषोत्तम गुप्ता ने बताया कि ब्रम्हकमल रात में ही खिलता है। जल्दी ही मुरझा भी जाता है। साल भर में एक बार ही खिलता है, दो वर्ष से ब्रम्हकमल खिलने से घर में खुशी का वातावरण है। स्वास्थ्य विभाग के तिलोकचन्द्र बिरले के घर के पीछे गार्डन में भी 11 ब्रम्हकमल खिले थे, जिसे उन्होंने रात्री में ही घर के पड़ोस में ही शक्ति माता की चौकी पर तीन वर्षों पूर्व शिवलिंग की स्थापना की हुई है, वहां शिवलिंग पर अर्पित कर दिया एवं घर के पुजागृह के मंदिर में घर पर ही स्थित ब्रम्ह कुमारी साधना केंद्र पर नगर के शिवटेकड़ी मंदिर पर पातालेश्वर महादेव, खेड़ापति हनुमान जी के मंदिर, राम मंदिर व अन्य मंदिर में व कुछ ब्रम्हकमल फूल परिचित लोगों को रात में ही फोन कर उनके घरों में स्थित मंदिर में अर्पित करने के लिए दे दिए। तिलोकचंन्द्र बिरले ने बताया कि एक दिन पहले भी उनके यहां घर के पीछे गार्डन में पांच ब्रम्हकमल फूल खिले थे। जिन्हें रात में देख नहीं पाए सुबह पौधे के गिरे हुए देखे तो मन व्यथित हो गया था। दूसरे दिन रात में ईश्वर ने एक साथ 11 ब्रम्हकमल दे दिए, जिससे परिवार में मोहल्ले में खुशी छा गई। उनके यहां पर 3 पौधों पर 11 ब्रम्हकमल फूले खिले थे।





**साल में एक बार खिलता है फूल**


साल भर में एक बार ही खिलता है, दो वर्ष से ब्रम्हकमल खिलने से घर में खुशी का वातावरण है।

# 59 तबादलों से टेक्नीकल यूनिट बैठी, जांचें रुकीं

- तकरीबन पूरा स्टाफ बदला, सिर्फ 4 को ही तकनीकी काम का अनुभव कम्प्यूटर जानने वाले नहीं, सायबर जांच व डेटा एनालिसिस पर सीधा असर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** डीजीपी के आदेश के बाद इंदौर क्राइम ब्रांच में 59 अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले ने पूरे तकनीकी सिस्टम को ठप कर दिया है. ऑफिस स्टाफ का लगभग पूरी तरह सफाया हो गया है और जो नए कर्मचारी आए हैं, उनमें से अधिकांश को न तो कंप्यूटर आता है और न ही तकनीकी इनवेस्टिगेशन का अनुभव है. इससे न सिर्फ सायबर क्राइम की जांच रुक गई है, बल्कि मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग, बैंक फ्रॉड, बयान अपलोडिंग और डिजिटल एफआईआर फीडिंग तक प्रभावित हो चुकी है. अधिकतर केस ऑनलाइन फ्रॉड से जुड़े होते हैं, जिनमें मोबाइल ट्रेसिंग, कॉल डेटा रिकॉर्ड सीडीआर एनालिसिस जरूरी होता है. सिटीजन कॉर्प पोर्टल पर डिजिटल एफआईआर और पीड़ित के बयान अपलोड करने में दिक्कतें आ रही हैं. रूटीन डाटा फीडिंग और कोर्ट को रिपोर्ट भेजने में बाधा तकनीकी ऑपरेटर की कमी से रोज़ाना का ऑफिस वर्क रुक गया है. कई संगीन मामलों की जांच अधूरी पड़ी है क्योंकि जो कर्मचारी सीडीआर और आईपी ट्रैकिंग संभालते थे, वे तबादले में जा चुके हैं. तबादलों के बाद ऑफिस स्टाफ के रूप में तैनात 12 में से केवल 4 कर्मचारी ही कम्प्यूटर ऑपरेशन जानते हैं, जबकि क्राइम ब्रांच का सारा काम डिजिटल टेक्नोलॉजी पर आधारित होता है. एक हवलदार विकलांग है और शेष स्टाफ को तकनीकी प्रशिक्षण की आवश्यकता है. इस बड़े तबादला अभियान को लेकर क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ अफसर तक खुलकर बोलने से बच रहे हैं. माना जा रहा है कि कुछ तबादले रिकॉर्ड सुधार या उपरी निर्देशों के तहत किए गए, न कि कार्यक्षमता के आधार पर.




**सिस्टम का एक हिस्सा**

मामले में वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि तबादले विभागीय आदेश के तहत हुए हैं. क्राइम ब्रांच में कुछ स्टाफ का प्रशिक्षण लिया जा रहा है, ताकि ऑफिस वर्क प्रभावित न हो. जिन कर्मचारियों की तकनीकी जानकारी सीमित है, उन्हें फील्ड में लगाया है हमारा प्रयास है कि जल्द ही स्टाफ को आवश्यक स्किल्स के साथ काम में लगाया जाए. वैसे भी देखा जाएं तो किसी भी जांच की प्रक्रिया पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ा है. यह सब सिस्टम का एक हिस्सा है.

# ड्यूटी से लौट रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने रौंदा

### फरार चालक की तलाश में पुलिस

**इंदौर.** तिलक नगर रोड पर देर रात एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में जान गंवाने वाला युवक एक होटल में वेटर का काम करता था और ड्यूटी से लौटते समय दुर्घटना का शिकार हो गया. कार चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया. आजाद नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि मृतक की पहचान 30 वर्षीय आनंद यादव निवासी काली पुलिया, आजाद नगर के रूप में हुई है. वह मूलत: उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और पिछले चार साल से इंदौर में रहकर एक निजी होटल में काम कर रहा था. रविवार रात करीब 12 बजे वह साइकिल से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आनंद सड़क किनारे दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाई, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है. आनंद के जीजा पप्पू यादव ने बताया कि मृतक की पत्नी और छह माह की बेटी फिलहाल उत्तर प्रदेश में ही रहती हैं. परिवार में एक भाई और तीन बहनें भी हैं. आनंद ही परिवार का मुख्य सहारा था. घटना की सूचना मिलते ही आजाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची.

# तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आया बाइक सवार, मौत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

घटना एमआर–10 पुराने टोल नाके के पास की है, जहां कालिंदी गोल्ड सिटी निवासी संतोष पिता भगवान सिंह बाइक से गुजर रहे थे. इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर के बाद संतोष सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए. राहगिरों ने घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. बाणगंगा थाना पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं. पुलिस अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक का पता लगाने की कोशिश कर रही है.

## सूने मकान में चोरी,

इंदौर. शहर के चंदननगर थाना क्षेत्र में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया. घटना बालाजीधाम, नावदा पंथ स्थित मुकेश मालवीय पिता बद्रीप्रसाद मालवीय के मकान की है. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. मुकेश मालवीय ने पुलिस को बताया कि जब वह किसी काम से बाहर थे, तभी चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया और अंदर से एक सोने की चेन, अंगूठी, झुमकी, लगभग 30,000 नकद, और बच्चों की गुल्लक में रखे पैसे भी चुरा लिए. फिलहाल चंदननगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा.

# फर्जी यूपीआई एप से यात्रियों को बना रहा था शिकार

- जीआरपी ने किया गिरफ्तार, स्टेशन पर मदद के नाम पर ठगता था नगद
- मोबाइल में नकली पेमेंट इंटरफेस दिखाकर भाग जाता था आरोपी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ठगने के एक नए तरीके का खुलासा करते हुए जीआरपी इंदौर पुलिस ने फर्जी यूपीआई ट्रांजैक्शन दिखाकर नकद ठगी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपी मोबाइल में नकली भुगतान ऐप का इस्तेमाल कर असली जैसा ट्रांजेक्शन इंटरफेस दिखाता था, जिससे झांसे में आकर यात्री उसे नगद पैसे दे देते थे. जांच में सामने आया है कि आरोपी अब तक कई लोगों को इस तरह चूना लगा चुका है.

दो जुलाई को अग्निवीर भर्ती परीक्षा देकर उज्जैन जाने की तैयारी में एक युवक इंदौर रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर के पास बैठा था, तभी एक अजनबी युवक उसके पास पहुंचा और परेशानी जताकर नगद सहायता मांगी. बदले में ऑनलाइन भुगतान करने की बात कहकर उसने फर्जी यूपीआई एप की मदद से क्यूआर कोड स्कैन किया और नकली ट्रांजेक्शन स्क्रीन दिखा दी. विश्वास में आकर अभ्यर्थी ने उसे 500 नगद दे दिए. बाद में मोबाइल चेक करने पर पता चला कि कोई भुगतान हुआ ही नहीं है. तब तक आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो चुका था. इसी तरह की एक घटना 29 जून को भी सामने आई थी, जिसमें महू निवासी एक यात्री से आरोपी ने 1000 की ठगी की थी. दोनों मामलों में जीआरपी पुलिस ने इंदौर अलग–अलग प्रकरण दर्ज किए गए थे, प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर संतोष कोरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी और डीएसपी ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में जीआरपी थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई. टीम ने प्लेटफार्म नंबर चार के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण से आरोपी की पहचान कर ली. कार्रवाई के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त युवक को प्लेटफार्म नंबर चार से गिरफ्तार कर लिया. उसकी पहचान 22 वर्षीय दिव्य अलावा पिता भूरे सिंह अलावा निवासी एसएएफ पुलिस लाइन धार, हाल निवासी प्रेमचंद नगर, टावर चौराहा, इंद्रपुरी कॉलोनी इंदौर के रूप में हुई है. पुलिस ने उसके कब्जे से ठगी में प्राप्त नगद राशि भी बरामद कर ली है.



**आर्थिक सहायता पर सतर्कता बरतें**

उल्लेखनीय कार्य करने वाली टीम में थाना प्रभारी के साथ प्रधान आरक्षक कृष्ण पाठक, प्रधान आरक्षक अजय यादव, आरक्षक चेतन नरवले, आकाश और दीपक हातेकर शामिल रहे. जीआरपी इंदौर ने यात्रियों से अपील की है कि अजनबियों द्वारा मांगी जा रही आर्थिक सहायता पर सतर्कता बरतें. किसी भी ऑनलाइन भुगतान से पहले उसकी पुष्टि अवश्य करें और संदेहास्पद गतिविधि की तत्काल नजदीकी पुलिस या जीआरपी स्टेशन पर जानकारी दें.